देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट


### *विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया जायेगा-उप जिला निर्वाचन अधिकारी*

बलरामपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से सम्बन्धित निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम भाग का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने सम्बन्धी दिशा-निर्देशों के साथ पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रम की तिथियों से अवगत कराते हुये उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर, 2023 को किया जायेगा। दावें एवं आपत्तियां 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर, 2023 तक प्राप्त की जायेगी। दावें एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर, 2023 तक किया जायेगा।

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर-गोण्डा

मो0-9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

गोण्डा शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 63 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स-05262-230683 डाक पंजीयन संख्या-NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ- 8 मूल्य 2.00 रुपये

# प्रदेश सरकार सुरक्षा और सम्मान सबको समान रूप से देने का कर रही कार्य -योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने जनपद हाथरस में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' महिला सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त किए



लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत साढ़े 09 वर्षों में हम सभी ने नए भारत का दर्शन किया और पिछले साढ़े 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर को देखा है, जहां पर जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता। 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के साथ समान रूप से विकास किया जा रहा है। जिन लोगों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है, उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं। इन योजनाओं में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला' जैसी अनेक योजनाएं सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद हाथरस के बागला इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' महिला सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 177 करोड़ रुपये से अधिक की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। इनमें लगभग 106 करोड़ रुपये की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 71 करोड़ रुपये से अधिक की 97 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। यह विकास परियोजनाएं सड़क, पेयजल, छात्रावास निर्माण, स्टेडियम निर्माण आदि से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को सी0आई0एफ0, आर0एफ0 एवं स्टार्टअप फण्ड के तहत 09 करोड़ 98 लाख 75 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए। मुख्यमंत्री जी ने बी0सी0 सखी/लखपति दीदी श्रीमती राधा शर्मा एवं श्रीमती सोनिया को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। इस अवसर पर हम जगत जननी मां भगवती दुर्गा के अनेक रूपों की पूजा कर रहे हैं। प्रदेश सरकार विकास की सोच को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। देश में बेटियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल कार्यक्रमों को नई गति प्रदान की जा रही है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियां सुश्री पारुल चौधरी और सुश्री अनु रानी एशिएन गेम्स में गोल्ड मेडल लेकर आयी हैं। प्रदेश सरकार ने इन दोनों बेटियों को डिप्टी एस0पी0 बनाने का निर्णय लिया है। यदि कोई बेटी अपने परिश्रम से डिप्टी एस0पी0 का पद प्राप्त करती है, तो यह उसके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इन्हीं उपलब्धियों के लिए प्रदेश में खेल-कूद की गतिविधियों को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, खेल का मैदान, ओपन जिम का निर्माण तथा महिला मंगल दल, युवा मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि हाथरस की बेटियां भी आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश के तमाम क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर विकास के अभियान से जोड़ने के कार्यक्रम निरन्तर चल रहे हैं। विकास योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी का सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश पुलिस है।

वर्ष 2017 में जब डबल इंजन की सरकार प्रदेश में आई थी, तब मात्र 10 हजार महिला पुलिस कार्मिक उत्तर प्रदेश पुलिस में थीं। वर्तमान में यह संख्या 40 हजार से अधिक हो गई है। आज प्रदेश पुलिस बल में अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती सुनिश्चित की गई है। इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी इस बात को साबित करती है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदम सार्थक रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संकट में जो साथ देता है, वही सच्चा साथी होता है। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना में दुनिया में हाहाकार मचा हुआ था। इस दौरान प्रदेश में आंगनवाड़ी, आशा, ए0एन0एम0 और हेल्थ वर्कर घर-घर जाकर लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही थीं। कोरोना कालखण्ड में प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को भरण पोषण भत्ता प्रदान किया गया। प्रदेश में 15 करोड़ और देश में 80 करोड़ परिवारों को नि:शुल्क राशन प्रदान किया गया। लोगों को कोरोना वैक्सीन की 220 करोड़ नि:शुल्क डोजेज उपलब्ध कराई गईं। योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव प्रत्येक तबके तक पहुंचाया गया। शासन की योजनाएं कैसे प्रभावी ढंग से लागू की जाती हैं, यह कालखण्ड इसका एक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद हाथरस भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्परा को नई धार देने वाले, भारत की सन्त परम्परा के साथ-साथ साहित्यिक परम्परा को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले काका हाथरसी और निर्भय हाथरसी की पावन धरा है। यहां के लोगों की हाथ की कला से निर्मित हींग के बिना दाल स्वादहीन लगती है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण व शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ईडी को धारा 50 में गिरफ्तारी का अधिकार नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 50 के तहत एजेंसी को किसी व्यक्ति को समन जारी करने का अधिकार है, लेकिन गिरफ्तारी का नहीं। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने, डॉक्यूमेंट्स की जांच करने और बयान दर्ज करने का अधिकार है, जिसका अधिकार किसी भी सिविल कोर्ट को होता है। वहीं, पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी शख्स को गिरफ्तार करने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि अगर एजेंसी किसी शख्स को धारा 50 के तहत समन जारी करती है, लेकिन बाद में उसे गिरफ्तार कर लेती है। ऐसी स्थिति में जब शख्स कोर्ट को बताएगा कि एजेंसी ने मुझे पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट उसे आसानी से बरी कर देगी।

एजेंसी ने साल 2020 में आशीष मित्तल के खिलाफ ईसीआईआर के तहत केस दर्ज किया था। अशीष ने एजेंसी की ओर से दर्ज केस को खत्म करने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आशीष ने ईसीआईआर के तहत ईडी की ओर से केस में किसी भी कार्रवाई को रोकने की मांग की थी। ईडी ने याचिकाकर्ता को 21 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत एजेंसी को मिले अधिकारों का जिक्र किया। आशीष मित्तल ने कोर्ट में बताया कि उनके खिलाफ एजेंसी ने ईसीआईआर के तहत केस दर्ज किया, लेकिन उन्हें इसकी कॉपी नहीं दी। जबकि कानून के अनुसार उन्हें कॉपी दिए जाने का अधिकार है।

पीएमएलए को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा

सुप्रीम कोर्ट भी पीएमएलए को लेकर दाखिल की गई एक रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई कर रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कई प्रावधानों को गैर-संवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने जुलाई 2022 में मामले पर सुनवाई करते हुए कानून को सही ठहराया। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने रिव्यू पिटीशन दाखिल कर कोर्ट से मामले पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने माना कि पीएमएलए के दो नियम, ईडी की तरफ से दर्ज एफआईआर की रिपोर्ट आरोपी को न देने के प्रावधान और खुद को निर्दोष साबित करने का जिम्मा आरोपी पर होने के प्रावधान पर विचार करने की जरूरत है। मामले में अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी।

# दीपोत्सव के लिए स्वयंसेवक दीपों को सजाने व जलाने से प्रशिक्षित हुए

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान के लिए इण्टर कालेजों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देना शुरू किया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल दिशा-निर्देशन में दीपोत्सव नोडल अधिकारी एवं शिक्षकों ने महाराजा इण्टर कालेज, महाराजा पब्लिक स्कूल, शिवदयाल इण्टर कालेज व अवध जनता इण्टर कालेज के स्वयंसेवकों को पीपीटी एवं वीडियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। विवि प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश शासन तथा जिला प्रशासन के समन्वय में दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या में प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष बाद दीपोत्सव के दिन आगमन पर 21 लाख से अधिक दीपों को प्रज्वलित कर स्वागत करने की तैयारी है। इसे लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह देखते ही बन रहा है। 25 हजार स्वयंसेवकों की मदद से राम की पैड़ी एवं चैधरी चरण सिंह के 51 घाट पर 24 लाख दीए बिछाकर एवं प्रज्वलित कर पुन: गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम कराने की तैयारी है। विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में 11 नवम्बर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही है। 51 घाटों की मार्किंग का कार्य विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मोहम्मद सहील के देखरेख में जारी हैं। पहली बार सातवीं दीपोत्सव में जनपद के 19 इण्टर कालेज के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे। स्वयंसेवकों को पीपीटी एवं वीडियों के माध्यम से घाटों की मार्किंग, दीपों को बिछाना, बाती लगाना, दीपों में बोतल से तेल डालना, खाली तेल के बोतल को गत्ते में डालना, दीपो को तय समय पर जलाना व अनुशासन में रहते हुए दीपोत्सव स्थल छोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने थाना खोडारे का किया ओचक निरीक्षण दिए दिशा निर्देश




त्रिगुट संवाददाता

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने थाना खोड़ारे का किया औचक निरीक्षण, शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण व अभिलेखों के सही ढंग से रखरखाव व साफ सफाई हेतु दिये निर्देश- बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने थाना खोड़ारे का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, CCTV, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, मेंस, थाना परिसर व आरक्षी बैरक आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, ऑर्डर बुक न्यायालय, ड्यूटी रजिस्टर व नक्शा नौकरी का निरीक्षण कर सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने आई0जी0आर0एस0/ जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की साथ ही ऑपरेशन दृष्टि के तहत अपने थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक कैमरे लगवाने व मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।इस मौके पर पीआरओ व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का हो समुचित निस्तारण - नेहा शर्मा

## नगर निकाय सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगायें रोक

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें उन्होंने इस वर्ष कराये गये वृक्षारोपण स्थल के जियो टैगिंग की समीक्षा की। उन्होंने लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, महिला एवं बाल विकास, गृह, चिकित्सा शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द अपनी शत प्रतिशत जियो टैगिंग करायें। साथ ही कहा जो पौधे मृत हो गए हैं उनके स्थान पर दूसरा पौधा लगाया जाये। बैठक के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के क्षेत्रीय अधिकारी से कहा कि जनपद में प्रदूषण नियंत्रण के लिए बिना अनुमति के किसी भी ईंट भट्ठे को संचालित ना होने दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में औद्योगिक, व्यापारिक एवं अन्य संस्थानों द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किये भूगर्भ जल का दोहन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। स्थानीय निकाय से जनित नागरिक ठोस अपशिष्ट के अंतिम निस्तारण, अस्पतालों से उत्पन्न होने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

## त्योहारों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी कार्मिक रहें मुस्तैद - श्री ए.के. शर्मा

लखनऊ-प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा के निर्देश पर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार के दोषी पाये जाने के आरोप में आगरा जनपद के दो प्रभारी अवर अभियन्ता, प्रवर्तन टीम के 02 उपनिरीक्षक तथा एक मुख्य आरक्षी पर उपभोक्ता से रिश्वत लेने पर प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। उपभोक्ता द्वारा की गई रिश्वत लेने की शिकायत पर इरादतनगर के प्रभारी अवर अभियन्ता सौरभ कुमार एवं हृदय कुमार को आगरा पुलिस ने उपभोक्ता से वसूली गई 35 हजार की धनराशि सहित गिरफ्तार किया तथा प्रवर्तन टीम के उपनिरीक्षक श्री रजनेश सिंह एवं श्री बिजेन्द्र सिंह तथा मुख्य आरक्षी सोनू प्रताप की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों एवं बिजिलेंस टीम की कार्यवाहियों पर भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिए उपभोक्ता हित सर्वोपरि है। उपभोक्ता का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने, साथ ही एफआईआर का भय दिखाकर उपभोक्ताओं से अवैध धन की वसूली संबंधी प्रकरणों की जांच की जायेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी डिस्कॉम के एम0डी0 को ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत तंत्र के पुराने ढाँचे में तेजी से बदलाव कर रही है।

# सभी घरों को दिया जाए वॉटर कनेक्शन-जिलाधिकारी

गोण्डा। जल जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना के कार्यों में प्रभावी गति लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं के सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में जिन सड़कों को खोदा जाए काम पूरा होने के बाद तत्काल उसकी मरम्मत कर ठीक कर दिया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप डालने संबंधित कार्यों में खोदाई करने के बाद तत्काल पाइप डालकर उसको मिट्टी से ढक दिया जाए कहीं पर भी खुले गड्ढे न छोड़े जाएं।

उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा हो गया है। उन ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर में पेयजल योजना का कनेक्शन दिया जाए इस कार्य में बिल्कुल भी लापरवाही ना बरती जाए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मौली, जिला विकास अधिकारी, एक्सइएएन जल निगम, सभी कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद रही।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम को सभी अधिकारी मिलकर बनाए सफल-डीएम

## 22 अक्टूबर को होने वाले शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक




निज संवाददाता

गोण्डा। मिशन शक्ति अभियान के तहत गोण्डा में आगामी 22 अक्टूबर को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज (टामसन) में होने भव्य शक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गम्भीरता व निष्ठा से करें। कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बनाना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा सभी नोडल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों की ड्यूटी समय से लगा दें। डीएम ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में आने वाली बालिकाओं को लाने व वापस पहुंचाने हेतु लगाए गए वाहनों, उनका रूट प्लान, बसों पर स्टीकर लगाने तथा उनकी पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी बीएसए, एआरटीओ, सीओ यातायात व ट्रैफिक इंस्पेक्टर की है। बालिकाओं को दिए जाने वाले भोजन की तैयारी तथा वितरण व्यवस्था के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को नोडल बनाया गया है। बीएसए व डीआईओएस द्वारा सैनिटेशन किट की व्यवस्था की जायेगी और जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बालिकाओं को न्यूट्रिशन हेल्थ संवर्धन हेतु उन्हें एक-एक पोषण पोटली भी वितरित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि वह कार्यक्रम स्थल की साफ - सफाई कराने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट्स व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के साथ ही साथ पंडाल में लगाए गए उपकरणों के विद्युत कनेक्शन की जांच व सुरक्षा उपायों की जांच करने के निर्देश दिये।

*कार्यक्रम स्थल पर बनेगा कंट्रोल रूम*

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम की स्थापना के लिए उन्होंने जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव को निर्देश दिए। कन्ट्रोल रुम नंबर- 9453491691 9454419053, 9454419056

*सीएमओ का मिला मेडिकल कैंप लगाने की जिम्मेदारी*

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा को निर्देश दिए कि वह कार्यक्रम स्तर पर सभी आवश्यक दवाओं सहित पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीमों एवं एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ मौजूद रहेगी। साथ ही यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों से जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन कराया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, जिला प्रोवेशन अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं का डीएम ने किया समीक्षा

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री जी की विकासपरख योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के द्वारा सीएम डैशबोर्ड के नाम से एक एकीकृत पोर्टल बनाया गया है जिसमें जनपद में चल रही सरकारी योजनाओं की मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी की जायेगी तथा इसी के आधार पर जनपदों तथा अधिकारियों की रैकिंग निर्धारित की जायेगी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पचांयती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्यी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की। खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुये सुधार लाने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुये अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी या ई रैकिंग पायी जायेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

इन योजनाओं की हुई समीक्षा

जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, एंबुलेंस 102 व 108, दवाओं की उपलब्धता, बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सेतुओं का निर्माण, कन्या विवाह सहायता योजना सहित कई अन्य योजना की समीक्षा की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध कच्ची शराब की छापेमारी में 22 लीटर अवैध कच्ची शराब व 150 किलो ग्राम महुआ लहन किया गया नष्ट



गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी निर्देशन में उप जिलाधिकारी मनकापुर, क्षेत्राधिकारी सदर, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -2 मनकापुर, प्रवर्तन -2 गोंडा की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बढया, गढ़ी थाना मोतीगंज में दबिश दी गई।

उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान 22 लीटर अवैध कच्ची शराब व 150 किलो ग्राम महुआ लहन बरामद हुआ जो मौके पर नष्ट किया किया गया 02 अभियोग आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया।

त्रिगुट
शुकवार 20 अक्टूबर 2023

## जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता हुई तारतार

निठारी कांड की जांच सीबीआई द्वारा की गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में पंधेर पाल और कोली को बरी कर ?दिया है। 2005 में निठारी कांड की जांच सीबीआई ने की थी। निठारी कांड में मासूम बच्चों और महिलाओं को अमानवीय तरीके से मारा गया था। नोएडा सेक्टर 31के निठारी गांव की यह घटना थी। 2003 में पंधेर पाल ने सुरेंद्र कोली को नौकर रखा था। पंधेरपाल के पत्नी और बच्चे उसे छोड़कर चले गए थे। वह बंगले पर कॉल गर्ल को बुलाता था। सेवा के लिए सुरेंद्र कोली को नौकर रखा था। 14 साल की रिंपा हलदर गायब हो गई थी। जब इसकी रिपोर्ट लिखी गई और मामले की जांच की गई, तो पंधेर के घर के पीछे नाले में प्लास्टिक का एक बैग मिला। जिसमें लाश के टुकड़े थे। जब इस मामले में बवाल बढ़ा,तो इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई की जांच में 19 लड़कियों के कंकाल नाले में मिले थे। सीबीआई ने पंधेर और कोली को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की जांच में पता लगा कि कोली लाश के छोटे-छोटे टुकड़े कर उन्हें पकाकर खाता था। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही थी। हाईकोर्ट ने 308 पेज का जो फैसला सुनाया है। उसमें सीबीआई की जांच पर गंभीर सवाल उठाए हैं। हाई कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है, निठारी कांड की जांच में जिम्मेदार एजेंसी सीबीआई का रवैया जनता के साथ विश्वास घात करने से कम नहीं है। यह मामला इसलिए भी चिंताजनक माना गया, कि बड़ी संख्या में मासूम बच्चों और महिलाओं की अमानवीय तरीके से हत्या करके उनका मांस पका कर खाया गया। उनकी हड्डियों को नाले में फेंक दिया गया। हाईकोर्ट ने कहा सीबीआई ने जांच के बुनियादी मानदंडों का उल्लंघन किया। मामले को एक तरह से रफा दफा करने का प्रयास किया। सीबीआई ने इतने अमानुषिक कृत्य के अपराध को सिद्ध करने और सबूत जुटाने में थोड़ी सी भी संवेदनशीलता का परिचय नहीं दिया। हाईकोर्ट ने निर्णय में कहा कि पूरा प्रकरण कोली के कबूलनामे पर आधारित है। सीबीआई ने पहले कोली को आरोपी बनाया। उसके बाद सारे आरोप नौकर कोली पर शिफ्ट करके मुख्य आरोपी को बचाने का प्रयास किया। सीबीआई ने कोई भी ठोस और वैज्ञानिक सबूत पेश नहीं किये, जो आश्चर्यजनक है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश एसएएच रिजवी और न्यायमूर्ति अश्विनी मिश्र की बेंच ने निठारी कांड की जांच में सीबीआई की भूमिका पर कहा, सीबीआई की यह भूमिका किसी विश्वासघात से कम नहीं है। सीबीआई जांच एजेंसी को लेकर लोगों में बड़ा विश्वास होता था। हर संवेदनशील और जटिल मामले में पूरे देश भर में सीबीआई से जांच कराने की मांग आती थी। सीबीआई की जांच पर सभी को विश्वास होता था। लेकिन अब यह विश्वास खत्म होता जा रहा है। यह माना जा रहा है कि सीबीबी सरकार के इशारे पर काम करती है। सीबीआई की भूमिका भी पुलिस की तरह काम करने जैसी हो गई है। कई राज्य सरकारों ने सीबीआई को बिना अनुमति जांच करने पर रोक लगा दी है। माना जाता है कि सीबीआई भी अब राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करती है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से सीबीआई और ईडी जांच एजें ?सियां काम कर रही हैं। उससे जांच एजेंसी की भूमिका को लेकर लोगों का विश्वास घटता चला जा रहा है। पिछले चार-पांच वर्षों में सीबीआई और केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने जिन मामलों की जांच की है। उनमें सबूत भी वर्षों-वर्षों तक न्यायालय में पेश नहीं किए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कई महीने तक आरोपियों को गिरफ्त में रखने के बाद भी सीबीआई और ईडी न्यायालय में चार्जशीट नहीं पेश कर पाती है। जिन मामलों में चार्ज शीट पेश की जाती है। उन मामलों में आरोप सिद्ध नहीं होते हैं। कई महीने और वर्षों तक आरोपियों को सीबीआई पूछताछ और सबूत जुटाने के नाम पर न्यायिक हिरासत में जेलों में बंद रखती है। हाईकोर्ट ने जिस तरह से सीबीआई की जांच पर नाराजगी जताई है। जिन दर्जनभर लड़कियों की हत्या की गई थी। यदि इतने वर्षों बाद भी उनके परिवारों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए सीबीआई को ही जिम्मेदार माना जाना चाहिए। यह मामला कोई राजनीतिक मामला भी नहीं था। सीधे-सीधे अपराध से जुड़ा हुआ मामला था। सीबीआई ने इस मामले की जांच करने में जो लापरवाही और कोताही बरती है। वह क्षमा करने योग्य नहीं मानी जा सकती है। जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की थी। उन्हें इस मामले में लापरवाही के लिए दंडित किये जाने की जरूरत है। सीबीआई और ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई से सैकड़ो परिवार, कई महीने हिरासत में रहने और मुकदमा लड़ने से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से खत्म हो जाते हैं।

## दान और परोपकार से घटता नहीं है धन

सभी धर्मों में कहा गया है कि दान करो। दान करने से धन घटता नहीं है बल्कि आपका धन बढ़ता है। लेकिन समस्या यह है कि लोग धन बढ़ने का तात्पर्य यह समझते हैं कि आज आप सौ रूपये कमाते हैं तो कल हजार रूपये कमाने लगेंगे। शास्त्रों में मुद्रा को धन कभी कहा ही नहीं गया है। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति जो पुण्य अर्जित करता है वही धन है। पुण्य रूपी धन परोपकार और जनहित से बढ़ता है। मुद्रा रूपी धन तो आपको उतना ही मिलेगा जितना आपकी किस्मत में होगा। अगर आप दान भी कर दें तो आपके पास उतना ही रहेगा जितना आपके भाग्य में है। अगर आप संचित करके भी रखेंगे तब भी उतना ही बचेगा जितना आपकी किस्मत में विधाता ने लिख दिया है। दक्षिण भारत की एक कथा है इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक गरीब ब्राह्मण था। दिन भर अपना काम करता इसके बाद जो भी समय बचता उसे भगवान की सेवा में लगा देता। ब्राह्मण की पत्नी अक्सर ब्राह्मण से कहती पूजा-पाठ से क्या लाभ है भगवान तो हमारी सुनते ही नहीं, पता नहीं हमारी गरीबी कब दूर होगी। एक दिन ब्राह्मणी की बात सुनकर ब्रह्मण बहुत दुखी था। पूजा करने बैठा तो भगवान प्रकट हो गये। भगवान को देखते ही ब्राह्मण अपनी गरीबी दूर करने के लिए प्रार्थना करने लगा। भगवान ने कहा तुमने पूर्व जन्म दान नहीं किया है इसलिए तुम्हारे भाग्य में अन्न धन की मात्रा कम है। अगर तुम चाहो तो तुम्हें तुम्हारे भाग्य का अन्न धन एक साथ मिल सकता है। लेकिन एक बार अन्न धन खत्म होने के बाद तुम क्या करोगे। अच्छा होगा कि तुम धीरे-धीरे अपने हिस्से का अन्न धन प्राप्त करो। ब्राह्मण ने कुछ देर सोचा फिर बोला प्रभु मेरे भाग्य का सारा अन्न धन एक साथ दे दीजिए। कुछ दिन तो सुखी से जी लूंगा। भगवान ने तथास्तु कह दिया। ब्राह्मण का घर अन्न से भर गया। ब्राह्मणी अन्न का भंडार देखकर खुश हो गयी। ब्राह्मण ने कहा कि इसे हम एक साथ खर्च नहीं करेंगे। हमारा जीवन जैसे चल रहा था हम वैसे ही जिएंगे। अगले दिन से ब्राह्मण गरीबों को अन्न-धन बांटने लगा। ब्राह्मण की किस्मत में जितना अन्न धन का सुख था वह उसे मिलता रहा। लेकिन दान के प्रभाव से उसके पुण्य में वृद्धि होती गयी और ब्राह्मण का नाम एवं यश चारों ओर फैलने लगा। पुण्य की वृद्धि और उदारता से प्रसन्न होकर भगवान ने ब्राह्मण की गरीबी दूर कर दी।

# सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक बन गये हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मृत्युंजय दीक्षित

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्व कर्ता, प्रदेश में समाज के हर वर्ग के विकास के संवाहक के साथ ही सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक भी बन चुके हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर मुख्यमंत्री योगी जी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। योगी जी की सनातन धर्म पर स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली मच गई है और उनके उत्तर देने के प्रयास में सनातन विरोधी सिद्ध होती जा रही है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से ही योगी सक्रिय हैं और अब सनातन धर्म की विशेषताओं की चर्चा करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास हो रहा है तथा उनके सुंदरीकरण व विस्तार की योजनाओं पर काम चल रहा है जिसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। उधर, कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है इधर योगी की स्पष्टवादिता है कि सनातन धर्म ही एकमात्र धर्म है।

सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में योगी जी की लोकप्रियता तीव्रता के साथ बढ़ रही है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं वहां पर स्टार प्रचारक के रूप में सबसे अधिक डिमांड योगी आदित्यनाथ की ही हो रही है। हर राज्य की जनता चाहती है कि उनके यहां पर भी योगी जी जैसा ही मुख्यमंत्री हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के कार्यक्रम में कहा कि आर्यसमाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती जी ने घर वापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाये। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये। योगी के बयानों से सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये और विकृत मानसिकता से सराबोर होकर बयानबाजी करने लगे। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सनातन ही एकमात्र धर्म है बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धतियां हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जाएगा। योगी के एक के बाद एक वक्तव्यों से मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ रही है, इन दलों का कोई उत्तर नहीं सूझ रहा है अपितु जब प्रदेश का विकास हो रहा है और कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है उस समय यह लोग प्रदेश का वातावरण दूषित करने के लिए विश्व के सर्वाधिक खूंखार आतंकवादी संगठन हमास के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक तो योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्षों के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यों नहीं ? योगी के इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। योगी ने कहा कि सिंधी समाज युवा पीढ़ी को इतिहास के विषय में बताये। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी-2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाए इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। योगी इस अवसर पर आतंकवाद के खिलाफ भी मुखर रहे। आतंकवाद पर उनका कहना है कि कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद व उग्रवाद या किसी भी प्रकार की अराजकता को कभी मान्यता नहीं दे सकता। सिंधी समाज पर योगी ने कहा कि सिंधी समाज भारत के सनातन धर्म का अभिन्न हिस्सा है। सिंधी समाज ने सम-विषम परिस्थितियों में अपने पुरुषार्थ से खुद को आगे बढ़ाया है।

स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हों वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे कई विकासपरक कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं जिनके माध्यम से सनातन संस्कृति के विभिन्न केंद्र बिंदुओं का विकास हो रहा है फिर वह चाहे पर्यटन हो, एक जिला एक उत्पाद योजना हो या फिर नारी सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब जिलों के भ्रमण पर जाते हैं तब स्थानीय महत्व के धार्मिक स्थलों, स्मारकों का भ्रमण और उनके विकास कार्यों की समीक्षा करना नहीं भूलते। योगी अगर अयोध्या जाते हैं और रामलला के दर्शन करते हैं तो वह काशी जाकर विश्वनाथ धाम जाते हैं और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान भी जाते हैं। शाकम्भरी माता, नैमिषारण्य, पृथ्वीनाथ, विंध्याचल, चित्रकूट कोई भी स्थल योगी जी की सनातन दृष्टि से छूटा नहीं है। यह योगी के कठोर श्रम व उनके अनथक प्रयासों का ही प्रतिफल है कि विन्ध्यांचल के विकास कार्य अंतिम चरण में हैं और बहुत जल्द ही उनका भी लोकार्पण संभव है। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा तो जनवरी में होगी किंतु अयोध्या के कारण ही सही हिंदू सनातन की विजय गाथा नवम्बर-2023 की दीपावली से ही दृष्टिगोचर होने जा रही है। अयोध्या में इस बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन बहुत ही अनूठा व भव्य होने जा रहा है जिसकी तैयारियां चल रही हैं। समस्त हिंदू सनातन समाज को ऐसे मुख्यमंत्री पर गर्व है जो सनातन संस्कृति का हर प्रकार से विकास तो कर ही रहा है, साथ ही सनातन विरोधियों व भारत विरोधी ताकतों में भय उत्पन्न करने में भी सफल हो रहा है। रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में सनातन के जयकारे के साथ सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, केवल सनातन ही विश्व में शांति और सुरक्षा की गारंटी है। स्वाभाविक है विरोधी दल इन खरे बयानों से सकते में हैं। कुछ न सूझने पर वे योगी जी के भगवा धारण करने पर ही अनाप-शनाप बयानबाजी कर अपनी विकृत मानसिकता को उजागर कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय कहते हैं कि रामनामी धारण कर कानून व्यवस्था पर झूठ बोलते हैं मुख्यमंत्री जबकि वास्तविकता यह है कि आज योगीराज में हर धर्म, जाति व संप्रदाय के लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक भगवाधारी महंत ही खूंखार माफियाओं को धूल चटा रहा है। बुलडोजर की आवाज से अच्छे-अच्छे माफिया कांप रहे हैं और अपने आप ही थाने में आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से यह पूछा जाना चाहिए कि जब पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी तब वहां पर मुख्तार अंसारी को किसने शरण दी थी। प्रदेश के कई बड़े माफियाओं का साम्राज्य सपा, बसपा व कांग्रेस के राज में ही पनपा था जिसे भगवाधारी महंत ही ढहा रहा है जिसके कारण इन दलों को दर्द हो रहा है। कुछ दिनों पूर्व बंगाल से कुछ हिंदू नागरिक लखनऊ आये थे और उन्होंने योगी से भेंट में कहा कि आप ही हिंदू समाज व उनकी बेटियों की रक्षा कर सकते हैं। इसी प्रकार चुनाव प्रचार के लिए भी अब कई राज्यों से योगी की डिमांड आ रही है क्योंकि जहां जहां पर योगी की रैलियां आयोजित की जाती हैं वहां वहां पर भाजपा की विजय के आसार भी बन जाते हैं। यही कारण है कि आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी विजय के लिए योगी की बड़ी रैलियां आयोजित करवाने का निर्णय लिया है।

## डिजिटल प्रौद्योगिकियों का प्रभाव

विजय गर्ग

हमारे भविष्य को एक साथ आकार देना डिजिटल प्रौद्योगिकियों का प्रभाव प्रौद्योगिकियां हमारी दुनिया को अधिक निष्पक्ष, अधिक शांतिपूर्ण और अधिक न्यायपूर्ण बनाने में मदद कर सकती हैं। डिजिटल प्रगति 17 सतत विकास लक्ष्यों में से प्रत्येक की प्राप्ति में सहायता और तेजी ला सकती है - अत्यधिक गरीबी को समाप्त करने से लेकर मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने, टिकाऊ खेती और सभ्य कार्य को बढ़ावा देने और सार्वभौमिक साक्षरता प्राप्त करने तक। लेकिन प्रौद्योगिकियाँ गोपनीयता को भी खतरे में डाल सकती हैं, सुरक्षा को खत्म कर सकती हैं और असमानता को बढ़ा सकती हैं। इनका मानवाधिकारों और मानव एजेंसी पर प्रभाव पड़ता है। पिछली पीढ़ियों की तरह, हम - सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों - के पास यह चुनने का विकल्प है कि हम नई तकनीकों का उपयोग और प्रबंधन कैसे करें। सभी के लिए एक डिजिटल भविष्य ? डिजिटल प्रौद्योगिकियां हमारे इतिहास में किसी भी नवाचार की तुलना में अधिक तेजी से आगे बढ़ी हैं - केवल दो दशकों में विकासशील दुनिया की लगभग 50 प्रतिशत आबादी तक पहुंच गई है और समाज को बदल रही है। कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन, व्यापार और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर, प्रौद्योगिकी एक महान समतुल्य हो सकती है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य क्षेत्र में, एआई-सक्षम फ्रंटियर प्रौद्योगिकियां जीवन बचाने, बीमारियों का निदान करने और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने में मदद कर रही हैं। शिक्षा में, आभासी शिक्षण वातावरण और दूरस्थ शिक्षा ने उन छात्रों के लिए कार्यक्रम खोल दिए हैं जिन्हें अन्यथा बाहर रखा जाएगा। ब्लॉकचेन-संचालित प्रणालियों के माध्यम से सार्वजनिक सेवाएं भी अधिक सुलभ और जवाबदेह हो रही हैं, और एआई सहायता के परिणामस्वरूप नौकरशाही पर बोझ कम हो रहा है। बड़ा डेटा अधिक प्रतिक्रियाशील और सटीक नीतियों और कार्यक्रमों का भी समर्थन कर सकता है। हालाँकि, जो अभी भी जुड़े हुए हैं वे इस नए युग के लाभों से कटे हुए हैं और और भी पीछे रह गए हैं। पीछे छूट गए लोगों में से कई महिलाएं, बुजुर्ग, विकलांग व्यक्ति या जातीय या भाषाई अल्पसंख्यक, स्वदेशी समूह और गरीब या दूरदराज के इलाकों के निवासी हैं। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की गति धीमी हो रही है, या यहां तक कि उलट भी रही है। उदाहरण के लिए, विश्व स्तर पर, इंटरनेट का उपयोग करने वाली महिलाओं का अनुपात पुरुषों की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। जबकि 2013 और 2017 के बीच अधिकांश क्षेत्रों में यह अंतर कम हो गया, सबसे कम विकसित देशों में यह 30 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया। एल्गोरिदम का उपयोग मानवीय और प्रणालीगत पूर्वाग्रहों को दोहरा सकता है और यहां तक ?कि बढ़ा भी सकता है, जहां वे डेटा के आधार पर कार्य करते हैं जो पर्याप्त रूप से विविध नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विविधता की कमी का मतलब यह हो सकता है कि इस चुनौती का पर्याप्त रूप से समाधान नहीं किया गया है। काम का भविष्य पूरे इतिहास में, तकनीकी क्रांतियों ने श्रम शक्ति को बदल दिया है? काम के नए रूप और पैटर्न बनाए हैं, दूसरों को अप्रचलित बना दिया है, और व्यापक सामाजिक परिवर्तनों को जन्म दिया है। परिवर्तन की इस मौजूदा लहर का गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। उदाहरण के लिए, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि ऊर्जा क्षेत्र में टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और मौजूदा और भविष्य की इमारतों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के माध्यम से 2030 तक हरित अर्थव्यवस्था में बदलाव से वैश्विक स्तर पर 24 मिलियन नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं। इस बीच, मैकिन्से जैसे समूहों की रिपोर्ट बताती है कि 2030 तक स्वचालन के कारण 800 मिलियन लोग अपनी नौकरियाँ खो सकते हैं, जबकि सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अधिकांश कर्मचारियों को चिंता है कि उनके पास अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी पाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण या कौशल नहीं है। इस बात पर व्यापक सहमति है कि इन रुझानों को प्रबंधित करने के लिए शिक्षा के प्रति हमारे दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता होगी, उदाहरण के लिए, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पर अधिक जोर देकर;सॉफ्ट कौशल और लचीलापन सिखाकर; और यह सुनिश्चित करके कि लोग अपने पूरे जीवनकाल में पुनः कौशल और उन्नयन कर सकें। अवैतनिक कार्य, उदाहरण के लिए घर में बच्चों की देखभाल और बुजुर्गों की देखभाल, को बेहतर समर्थन की आवश्यकता होगी, विशेष रूप से वैश्विक आबादी की बदलती आयु प्रोफ़ाइल के साथ, इन कार्यों की मांग बढ़ने की संभावना है। डेटा का भविष्य आज, डेटा पूलिंग और एआई जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरण में मुद्दों को ट्रैक करने और निदान करने या ट्रैफ़िक को नेविगेट करने या बिल का भुगतान करने जैसे दैनिक कार्यों को करने के लिए किया जाता है। उनका उपयोग मानव अधिकारों की रक्षा और प्रयोग के लिए किया जा सकता है - लेकिन उनका उपयोग उनका उल्लंघन करने के लिए भी किया जा सकता है, उदाहरण के लिए, हमारी गतिविधियों, खरीदारी, बातचीत और व्यवहार की निगरानी करके। सरकारों और व्यवसायों के पास वित्तीय और अन्य उद्देश्यों के लिए डेटा का खनन और दोहन करने के उपकरण बढ़ रहे हैं। हालाँकि, यदि व्यक्तिगत डेटा स्वामित्व के बेहतर विनियमन के लिए कोई फॉर्मूला होता, तो व्यक्तिगत डेटा किसी व्यक्ति के लिए संपत्ति बन जाता।

# भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचौर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटों पर ही जीत पाई थी।

अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी है जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदों को टिकट दिया गया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचौर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनू सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं।

भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी करदी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनू सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया हैं। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थकों ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है। देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं।

2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलीय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे। हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 41 सीटों पर नाम की घोषणा कर दी है। मगर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने के बाद भाजपा में जिस तरह की आपसी खींचतान व विरोध हो रहा है उसके चलते पार्टी बैक फुट पर आ गई है। इसी कारण पार्टी ने अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा रोक दी है। भाजपा में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ उठे विद्रोह से भाजपा के बड़े नेता डर गए लगते हैं। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक वर्तमान विधायकों को भी अपनी टिकट कटने का डर सताने लगा है। मगर पार्टी में उठे विरोध को देखते हुये मौजूदा विधायकों का टिकट काटना भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है।

